>

Title: Need to set up Breeding Centre for Siberian Cranes in Keoladeo National Park in Bharatpur, Rajasthan.

श्री रतन सिंह (भरतपुर): राजस्थान का केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान विश्व स्तरीय धरोहर है एवं राष्ट्र का गौरव है। इस उद्यान के दर्शनार्थ लाखों विदेशी लोग यहां आते हैं। यह भरतपुर से 31 किलोमीटर दूर डीग में स्थित है। यहां पर विश्व प्रसिद्ध जलमहल बने हुए हैं साथ ही ब्रज चौरासी कोस का क्षेत्र भी यहीं पर है। इस उद्यान में विश्व से हजारों प्रकार की चिड़िया आती है जिसमें साइबेरियन क्रेन्स प्रमुख है। वर्ष 2001 के बाद यह साइबेरियन क्रेन्स नहीं आ पा रहे हैं क्योंकि उनके लिए अनुकूल जलवायु तो है परंतु उनको आकर्षित करने के लिए सरकार द्वारा आवश्यक सुविधाओं का अभाव था। साइबेरियन क्रेन्स जिन रूट से आते हैं उन रूटों पर कई अवांछनीय लोगों द्वारा शिकार करने की दुखद घटनाएं हो रही हैं। तीन साल पूर्व नमभूमि दिवस पर देश के ग्रामीण विकास मंत्री द्वारा साइबेरियन क्रेन्स के प्रजनन हेतु ब्रीडिंग सेन्टर की स्थापना की घोषणा की गई जिसके कारण केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान को उन्नयन करने में मदद मिलेगी और विदेशी पर्यटकों को आकर्षित किया जा सकता है। परंतु अभी तक ब्रीडिंग सेन्टर को स्थापित करने की दिशा में यथोचित कार्यवाही नहीं हुई है।

सरकार से अनुरोध है कि भरतपुर जिले के केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में साइबेरियन क्रेन्स के ब्रीडिंग सेन्टर की स्थापना की जाए एवं घोषणा को व्यवहारिक रूप देने के लिए कार्य किया जाए।